# खाद संकट और डीजल की कमी को लेकर कांग्रेस का ज्ञापन

▸ खाद की बढ़ती कीमतों, डीएपी की कमी और टोकन व्यवस्था में सुधार की मांग



**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** खाद की बढ़ती कीमतों, डीएपी खाद की कमी, ऑनलाइन टोकन व्यवस्था की खामियों तथा डीजल की अनुपलब्धता से किसानों को हो रही परेशानियों के विरोध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार कुलभूषण शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि कृषि संसाधनों, खाद एवं कृषि दवाइयों की कीमतों में लगातार वृद्धि से किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। पिछले सीजन में सोयाबीन की फसल खराब होने और गेहूं का रकबा कम रहने से किसान पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में खाद की कीमतों में हुई बढ़ोतरी ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि 20:20:13 खाद का मूल्य 1450 रुपये से बढ़कर 2100 रुपये तथा 12:32:16 खाद का मूल्य 1450 रुपये से बढ़कर लगभग 2400 रुपये हो गया है। वहीं एसएसपी खाद की कीमत 425 रुपये से बढ़कर 525 रुपये तक पहुंच गई है। साथ ही डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है।

ज्ञापन में कहा गया कि ऑनलाइन टोकन प्रणाली में बार-बार सर्वर डाउन होने से खाद वितरण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। बड़ी संख्या में किसानों की ई-केवाईसी लंबित है तथा आदिवासी क्षेत्रों में पट्टे की भूमि पर खेती करने वाले किसानों को भी खाद प्राप्त करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस ने डीजल संकट का मुद्दा उठाते हुए बताया कि क्षेत्र में डीजल की कमी के कारण किसानों को खेतों की जुताई एवं बोवनी की तैयारियों में परेशानी हो रही है। सैलाना आदिवासी क्षेत्र होने तथा पेट्रोल पंपों की संख्या कम होने से ग्रामीण किसानों की समस्याएं और बढ़ गई हैं। केनों में डीजल नहीं मिलने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

ज्ञापन के माध्यम से किसानों के लिए खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, बढ़ी हुई कीमतों पर नियंत्रण लगाने, ऑनलाइन टोकन व्यवस्था को सरल बनाने तथा पर्याप्त डीजल उपलब्ध कराने की मांग की गई। साथ ही किसानों को केनों में डीजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था पुन: लागू करने की मांग भी उठाई गई।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश डिंडोर, सरवन ब्लॉक अध्यक्ष छगन भगौरा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष किशोर पाटीदार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जगदीश पाटीदार, नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला, पार्षद मंगलेश कसेरा, पूर्व मंडी अध्यक्ष श्रीराम चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पुलिस ने खोजे 11 गुम मोबाइल, मालिकों को लौटाए

▸ सीईआईआर पोर्टल की मदद से लाखों के मोबाइल बरामद

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** गुम हुए मोबाइल फोन वापस मिलने की उम्मीद छोड़ चुके 11 लोगों के चेहरों पर उस समय मुस्कान लौट आई, जब थाना माणकचौक पुलिस ने उनके मोबाइल खोजकर उन्हें सुपुर्द कर दिए। सीईआईआर पोर्टल की सहायता से पुलिस ने करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य के 11 एंड्रॉयड मोबाइल ट्रेस कर बरामद किए।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में जिलेभर में गुम मोबाइलों की तलाश के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार तथा नगर पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विक्रमसिंह चौहान के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए मोबाइलों को ट्रेस किया गया। बरामद मोबाइल उनके वास्तविक धारकों को लौटाए गए। मोबाइल वापस मिलने पर नागरिकों ने पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्रवाई में थाना माणकचौक की साइबर टीम और पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**एक नजर में**

## कुएं पर मोटर चालू करते समय एक युवक की गई जान, दूसरे की टापरे पर करंट लगने से मौत

**रतलाम।** जिले के रावटी और शिवगढ़ थाना क्षेत्रों में अलग-अलग हादसों में करंट लगने से दो युवकों की मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। रावटी थाना क्षेत्र के ग्राम बजरंगगढ़ में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय अनिल पिता लक्ष्मण देवदा की मौत कुएं पर मोटर चालू करने के दौरान करंट लगने से हो गई। घटना पुंजा देवदा (पटेल) के जांबु वाले कुएं पर हुई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ की। मामले की जांच उपनिरीक्षक गलसिंह भावेल कर रहे हैं। वहीं शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खानिया का टापरा में भी करंट लगने से एक युवक की जान चली गई। पुलिस के अनुसार 22 वर्षीय सुखराम पिता भुरजी भाभर की टापरे के ऊपर कार्य करते समय करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। मामले की जांच कार्यवाहक उपनिरीक्षक नन्दकिशोर राठौड़ द्वारा की जा रही है।


## 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**रतलाम।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग सोना यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन को बढ़ावा देने और जलीय पारिस्थितिकी के संरक्षण के लिए 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। इन दो महीने की अवधि में प्रदेश की समस्त नदियों और उनसे जुड़े जलाशयों में मत्स्याखेट पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। संचालनालय मत्स्योद्योग ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस अवधि में यदि कोई भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से मत्स्याखेट या परिवहन करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। म.प्र राज्य के मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के तहत उल्लंधनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या पांच हजार रूपये जुर्माना अथवा दोनो से दंडित किये जाने का प्रावधान है। प्रतिबंध से ऐसे छोटे तालाब या अन्य जल स्रोत जिनका किसी भी नदी से कोई संबंध नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, उन पर यह नियम लागू नहीं होंगे।

## वैश्विक साहित्य महोत्सव में काव्यपाठ करेंगे डॉ. उपाध्याय

**जावरा।** साहित्य और कला के क्षेत्र में जावरा के लिए एक अत्यंत हर्ष और गौरव का ऐतिहासिक क्षण सामने आया है। जावरा के सुप्रसिद्ध गीतकार, ओजस्वी कवि और चिकित्सक डॉ. प्रकाश उपाध्याय को वियतनाम में आयोजित होने वाले आगामी वैश्विक साहित्य महोत्सव में काव्यपाठ हेतु गरिमामयी स्नेह आमंत्रण मिला है। यह प्रतिष्ठित निमंत्रण उन्हें सर्व भाषा संस्कृति समिति के वैश्विक अध्यक्ष एवं प्रज्ञान पुरुष पंडित सुरेश नीरव सर द्वारा प्रदान किया गया है। विश्व शांति और वसुधैव कुटुंबकम (विश्व बंधुत्व) की भावना को समर्पित यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन वियतनाम के खूबसूरत शहर हो ची मिन्ह में 19 से 23 जून तक आयोजित होने जा रहा है। इस वैश्विक मंच पर भारत के विभिन्न राज्यों और शहरों से चुनिंदा शीर्ष कवि, लेखक और साहित्यकार अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगे, जिनमें डॉ. प्रकाश उपाध्याय का चुना जाना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। इस अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में जावरा और डॉ. उपाध्याय के खाते में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ने जा रही है। सम्मेलन के विशेष सत्र में डॉ. प्रकाश उपाध्याय के बहुआयामी व्यक्तित्व और उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक कृतियों पर केंद्रित प्रज्ञान विश्वम पत्रिका का भव्य लोकार्पण* भी किया जाएगा। यह उनके दशकों की साहित्यिक साधना को वैश्विक पटल पर एक बड़ी मान्यता है।

## समाज की धर्मशाला निर्माण को लेकर विश्वकर्मा पांचाल कल्याण समिति की बैठक



**जावरा।** श्री विश्वकर्मा पांचाल कल्याण समिति द्वारा धर्मशाला निर्माण हेतु भूमि चयन और आगामी रूपरेखा को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बद्रीलाल पांचाल ने की। इस दौरान समाजजनों ने धर्मशाला निर्माण को लेकर कई महत्वपूर्ण एवं रचनात्मक सुझाव दिए, जिन्हें सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। बैठक में समाज हित में एकमत होकर निर्णय लिया गया कि भूमि निर्माण कार्य हेतु प्रत्येक परिवार की ओर से 5,000 की सहयोग राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त समाजजनों से स्वैच्छिक सहयोग राशि भी एकत्र की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से धर्मशाला निर्माण की अनुमानित लागत, बजट और धन संग्रह (फंड रेजिंग) जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। भूतेड़ा रोड पर धर्मशाला का निर्माण होने से पूरे क्षेत्र के समाजजनों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

# राष्ट्रीय पक्षी मोर की करंट लगने से मौत, एक माह में दूसरी घटना

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** नगर के रंगवाड़ी मोहल्ला स्थित देवी चौक पर सोमवार को एक दर्दनाक घटना में राष्ट्रीय पक्षी मोर की करंट लगने से मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोर विद्युत डीपी पर बैठा हुआ था, तभी वह खुले विद्युत तारों के संपर्क में आ गया और गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय नागरिक कृष्णा पाटीदार, गोपाल काग, राकेश पाटीदार सहित अन्य लोगों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मृत मोर को अपने साथ ले गए।

वन विभाग के रेंजर राधेश्याम जोशी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मोर की मौत करंट लगने से होना प्रतीत हो रही है। राष्ट्रीय पक्षी होने के कारण मंगलवार को पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसका विधिवत अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**लगातार बढ़ रही हैं ऐसी घटनाएं:** स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में विद्युत लाइनों और डीपी के आसपास सुरक्षा उपायों के अभाव में मोरों के करंट की चपेट में आने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कुछ माह पूर्व कुमावतपुरा एवं दिलीप मार्ग क्षेत्र में भी करंट लगने से कई मोरों की मौत हो चुकी है।

**सुरक्षा उपायों की मांग:** नागरिकों ने बिजली विभाग एवं प्रशासन से मांग की है कि विद्युत डीपी और खुले तारों पर आवश्यक सुरक्षा उपकरण लगाए जाएं, ताकि राष्ट्रीय पक्षी सहित अन्य वन्य जीवों को करंट से बचाया जा सके। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में भी ऐसी दुखद घटनाएं होती रहेंगी।

## देर रात जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम।** डीडी नगर पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी एवं ताश के पत्ते जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार 14 जून की रात जयंतसेन धाम के पीछे स्थित एक खेत के खाली प्लॉट पर कुछ लोगों ताश खेलने की सूचना मिली थी। सूचना पर उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान अजय नायक (25) निवासी बरगुण्डा का वास, सिकंदर (38) निवासी भुट्टा बाजार तथा कमल चौहान (29) निवासी बरगुण्डा का वास को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया।

# कोमल नगर में युवती ने लगाई फांसी

▸ पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच, पीएम के बाद होगा खुलासा

**रतलाम।** शहर के कोमल नगर क्षेत्र में एक 22 वर्षीय विवाहिता की फांसी लगाने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ज्योति पति लक्की सोलंकी (22) निवासी कोमल नगर की मृत्यु फांसी लगाने से हुई है। घटना 14 जून की रात करीब 2.30 बजे की बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की।

मामले में पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक सरदारसिंह परमार को बनाया गया है।

पुलिस आत्महत्या के कारणों की पड़ताल कर रही है तथा परिजनों के बयान भी लिए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी।

# दल ने खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को किया जागरूक

**रतलाम।** आत्मा परियोजना अंतर्गत खेत बचाओ अभियान के तहत रविवार को ग्राम पंचायत अयाना एवं ग्राम पंचायत बोरखेड़ा में प्राकृतिक खेती क्लस्टर के अंतर्गत किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने, संतुलित रासायनिक उर्वरकों के उपयोग तथा आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने किसानों को ई-टोकन प्रणाली, खेत की वैज्ञानिक तैयारी, विभिन्न खरीफ फसलों की उन्नत किस्मों एवं आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन तथा मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती के लाभों से भी अवगत कराया गया। आत्मा परियोजना के एटीएम हेमंत सिंह चौहान सहित कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. शीशराम जाखड़, डॉ. रामधन एवं डॉ. बरखा ने तकनीकी जानकारी प्रदान की तथा जिज्ञासाओं का समाधान किया। विशेषज्ञों ने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाकर खेती को लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने का आह्वान किया।

# करंट लगने से किसान की मौत, बिजली विभाग पर लापरवाही के आरोप

▸ मानसून से पहले झूलते व कम उंचाई वाले तार बने खतरा, सुरक्षा इंतजामों पर उठे सवाल





**नवभारत न्यूज**

**नामली।** नगर में बिजली विभाग की कथित लापरवाही एक किसान की जान पर भारी पड़ गई। खेत पर काम कर रहे भंवरलाल पड़ियार (42) की झूलती हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

परिजनों के अनुसार भंवरलाल अपने भाइयों के साथ खेत पर वर्षा ऋतु की तैयारियों में लगे थे। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन तेज हवा के कारण नीचे लहराई और उसके संपर्क में आ गया। करंट लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल रतलाम मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में झूलते तारों की शिकायत कई बार बिजली विभाग को की गई थी, लेकिन सुधार कार्य नहीं किया गया। घटना के बाद लोगों ने विभागीय लापरवाही पर सवाल उठाए हैं। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि नगर के कई हिस्सों में बिजली के तार नीचे झूल रहे हैं। ऐसे में मानसून के दौरान बड़े हादसों की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से विद्युत लाइनों और ट्रांसफार्मरों की तत्काल जांच कर आवश्यक सुधार कार्य कराने की मांग की है।

## सड़क हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**नामली।** करीब तीन सप्ताह पहले महू-नीमच हाईवे पर हुए सड़क हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद नामली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 21 मई की सुबह ग्राम मेवासा के पास महू-नीमच हाईवे पर हुए सड़क हादसे में सुन्दरबाई पति गोपाल मोगिया (49) निवासी हान्दड़ी, थाना सीतामऊ गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। दुर्घटना में आई गंभीर चोटों के चलते उनका उपचार चल रहा था। इलाज के दौरान 14 जून को सुन्दरबाई ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर नामली पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

# माहेश्वरी समाज का स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, 200 से अधिक का परीक्षण

**रतलाम।** श्री माहेश्वरी समाज रतलाम एवं श्री माहेश्वरी सेवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय माहेश्वरी भवन में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ। शिविर का शुभारंभ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पुखराज जागेटिया एवं डॉ. दिनदयाल काकाणी ने किया। शिविर संयोजक एवं श्री माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष डॉ. बी.एल. तापड़िया ने स्वागत उद्बोधन में शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। शिविर में करीब 200 समाज बंधुओं ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ प्राप्त किया।

डॉ. तापड़िया ने बताया कि स्वास्थ्य जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद समाजजनों के लिए एक और परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। समाज संरक्षक शैलेन्द्र डागा एवं माधव काकाणी ने भी स्वास्थ्य जागरूकता और नियमित जांच की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। शिविर में चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ तथा पंजीयन समिति के सदस्यों राजेश चौखड़ा, एल.एन. धूत, गुंजन बाहेती, आदित्य डागा, अभिषेक धूत एवं पवन गिलड़ा ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। उद्योग संघ अध्यक्ष अनिल सारड़ा एवं रतलाम विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गोविंद काकाणी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संचालन भूपेंद्र चिचानीव आभार संगठन सचिव एल.एन. धूत ने माना।

# महाराणा प्रताप जयंती महोत्सव में प्रतिभाओं का प्रदर्शन

▸ तलवारबाजी, साफा धारण, रंगोली, मेहंदी और दौड़ में बच्चों-युवाओं ने दिखाया उत्साह

**रतलाम।** श्री राजपूत नवयुवक मंडल न्यास एवं महिला मंडल रतलाम के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय महाराणा प्रताप एवं वीर छत्रसाल बुंदेला जन्मजयंती महोत्सव के अंतर्गत रविवार को राजपूत धर्मशाला भवन, हाथीखाना स्थित श्री महाराणा प्रताप सभागृह में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तलवारबाजी, साफा धारण, रंगोली, मेहंदी तथा बालक-बालिकाओं की दौड़ प्रतियोगिताओं में समाज के बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।


दौड़ प्रतियोगिता के जूनियर बालक वर्ग में शौर्यराज कौशल सिंह पवार प्रथम, कबीर सिंह सांखला द्वितीय एवं तनवीर सिंह चौहान तृतीय रहे। बालिका वर्ग में हर्षिता राज सिंह चंद्रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तलवारबाजी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में लक्ष्यराज सिंह राठौड़ विजेता रहे, जबकि बालिका वर्ग सीनियर में धुरिका रणजीत सिंह राठौर ने पहला स्थान हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में आरोही विनोद सिंह देवड़ा तथा मेहंदी प्रतियोगिता में अनन्या आनंद सिंह चौहान प्रथम रहीं।

महोत्सव के अंतर्गत 16 जून को सायं 4:30 बजे राजपूत धर्मशाला भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया जाएगा।

इस अवसर पर समाज सेवा एवं संगठन के प्रति उल्लेखनीय योगदान के लिए न्यास के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय ठाकुर कन्हैयालाल गोयल की स्मृति में प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित 'राजपूत रत्न सम्मान' से सेवानिवृत्त शिक्षक ठाकुर देवी सिंह राठौर को अलंकृत किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ठाकुर भैरु सिंह चौहान होंगे, जबकि ठाकुर नारायण सिंह चंद्रावत एवं ठाकुर यशपाल सिंह सिसोदिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**एक नजर में** ▸ हर क्षेत्र में लहरा रही हैं कामयाबी का परचम

# वैचारिक अनुष्ठान के समापन पर महिलाओं ने साझा किए अनुभव



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** समग्र मालवा द्वारा आयोजित त्रि-दिवसीय वैचारिक अनुष्ठान मालवा विचार मंथन का समापन महिला सशक्तिकरण की गूंज के साथ हुआ। अंतिम दिन आयोजित महिला संगोष्ठी में नगर के विभिन्न क्षेत्रों (राजनीति, आईटी, व्यवसाय, कला और शिक्षा) में कार्यरत महिलाओं ने न केवल शिरकत की, बल्कि अपने प्रेरक विचार और जमीनी अनुभव भी साझा किए।

मुख्य अतिथि राखी कोठारी ने कहा कि महिलाओं की दिनचर्या सुबह से रात तक पारिवारिक जिम्मेदारियों से बंधी होती है। इसके बीच भी परिवार के साथ बैठकर परस्पर विचार-विमर्श करने से जहां आपसी एकजुटता बडती है, वहीं कई समस्याएं स्वत: ही दूर हो जाती हैं। अवनी कोठारी, सॉफ्टवेयर इंजीनियर आईटी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए कहा कि इस क्षेत्र का दायरा अब बहुत व्यापक हो चुका है। पूर्व पार्षद व चेयरमेन प्रमिला धारीवाल, करिश्मा भंडारी, कोकिला उपमन्य, कु. भाविका धारीवाल, अर्चना करनावट, किरण सोनी व श्रीमती रेखा मेहता ने अपनी बात रखी।

**समाजसेवी नाहर का हुआ सम्मान**

इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी बाबूलाल नाहर का संस्था द्वारा शॉल, श्रीफल, पुष्पमाला एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर भावभीना सम्मान किया गया। सम्मान करने वालों में संस्था प्रमुख अभय कोठारी, साहित्यकार रमेश मनोहर, मनोहरसिंह चौहान मधुकर, जगदीश उपमन्यु, वीरेंद्रसिंह चौहान, शिखर धारीवाल, विनोद चौरसिया, अभय श्रीवास्तव, सैयद अमजद अली और श्रेयांस कोठारी आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

# 10 जिलों के 120 खिलाड़ियों ने दिखाया दम, जावरा कराटे एकेडमी बनी चैंपियन

**जावरा।** जावरा शहर में ओपन इंटर स्टेट कराटे चैंपियनशिप संपन्न हुई। इस खेल महाकुंभ में मध्यप्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए युवाओं ने अपनी खेल कुशलता और मार्शल आर्ट्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रतियोगिता में प्रदेश के 10 प्रमुख जिलों, जिनमें उज्जैन, इंदौर, खंडवा, देवास, मंदसौर और रतलाम के लगभग 120 खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रप्रकाश ओस्तवाल डॉ. दिलीप शाकल्य एवं देवेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना का विकास होता है। जावरा कराटे अकैडमी के तत्वावधान में आयोजित इस चैंपियनशिप में मेजबान टीम का दबदबा रहा। जिसमे प्रथम स्थान जावरा कराटे अकैडमी, द्वितीय डिफेंस कराटे अकैडमी, तृतीय उज्जैन कराटे टीम रही। संचालन शुभम तलोदिया एवं आभार शेख शरीफ उद्दीन ने व्यक्त किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में डिफेंस कराटे प्रशिक्षण संस्थान का विशेष सहयोग रहा। वही आशुतोष शर्मा, आशुतोष प्रजापत, तनु पांचाल, आकाश वाडेकर, पूजा चौहान, हर्षराज सिंह, अंजुम शेख एवं रवि यादव ने निष्पक्ष रेफरी की भूमिका निभाई। लखन चौरे, अजीम खान, नेहाल खान, तनु पांचाल एवं हर्ष गुर्जर ने आयोजन व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया।